संख्या-31/2015/740/47-का-3-2015-13/7/2015

प्रेषक,

राजीव कुमार
प्रमुख सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सचिव
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, गोमती नगर, लखनऊ।

कार्मिक अनुभाग-3 **लखनऊ : दिनांक : 08 मई, 2015**

विषय- उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का राष्ट्रीयकृत बैंक में गोपनीय खाता खोले जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आयेग के पत्र संख्या-13/लेखा-आयोग/2014-1/1(7)/2014, 17.04.2015 के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-187/47-का-3-2015-13/7/2015, दिनांक 13.04.2015 के क्रम में राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का गोपनीय खाता भारतीय स्टेट बैंक की जवाहर भवन, लखनऊ स्थित शाखा के स्थान पर भारतीय स्टेट बेंक की मुख्य शाखा, हजरतगंज, लखनऊ में खोले जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। शासनादेश दिनांक 13.04.2015 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाय।

2- गोपनीय खाता खोले जाने के संबंध में शेष प्राविधान एवं शर्तें उपर्युक्त प्रस्तर-1 में संदर्भित शासनादेश दिनांक 13.04.2015 के अनुरूप यथावत रहेंगी।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-5-703/दस-2015, दिनांक 08 मई, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किए जा रहे हैं।

भवदीय

(राजीव कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या-31/2015/87(1)/47-का-3-2015-13/7/2015,तददिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/ द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (प्रथम/ द्वितीय) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-5.
5. वित्त (लेखा) अनुभाग-1/2.
6. प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा, हजरतगंज, लखनऊ।
7. प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, जवाहर भवन शाखा, लखनऊ।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(पी0बी0 सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in